विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान

(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत एक स्वशासी संस्थान)

विज्ञान पथ, पश्चिमबड़ागाँव, गड़चुक, गुवाहाटी- 781035, असम, भारत

INSTITUTE OF ADVANCED STUDY IN SCIENCE AND TECHNOLOGY

(An Autonomous Institute under Department of Science and Technology, Govt. of India)

Paschim Boragaon, Garchuk, Guwahati-781035

विज्ञापन सं/ **Advertisement Number: 612** दिनांक/ **Date: 18.11.2026**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वशासी संस्थान, संस्थान के संकाय पदों के लिए योग्य भारतीय नागरिकों (भारतीय मूल के नागरिक (पीआईओ) और भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) सहित) से आवेदन आमंत्रित करता है/ INSTITUTE OF ADVANCED STUDY IN SCIENCE AND TECHNOLOGY, An Autonomous Institute under the Department of Science and Technology, Govt. of India, invites applications from well-qualified Indian nationals (including Persons of Indian Origins (PIOs) and Overseas Citizens of India (OCIs) for Faculty positions of the Institute.

क्रम सं **Sl. No.**	**पद** **Position**	**अर्हताएँ एवं अनुभव** **Qualification & Experience**
1	**सह-प्राध्यापक/ Associate Professor-II** (1 ओबीसी-एनसीएल/ OBC-NCL) लेवल/ Level -13 (Rs. 118500 - Rs. 214100) अधिकतम आयु सीमा: 50 वर्ष / Upper Age limit: 50 years	**अनिवार्य अर्हता/ Essential Qualification** जैवसूचना विज्ञान/जीवन विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें पूर्ववर्ती उपाधि में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष ग्रेड/अंक तथा संपूर्ण उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड/ Master's degree in Bioinformatics/ any areas of Life-Sciences with first class or equivalent (in terms of Grades or marks) at the master degree and excellent academic record throughout. **तथा/ And** जैवसूचना विज्ञान अथवा आईएएसएसटी में जीवन विज्ञान के किसी भी प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र में पीएच.डी. उपाधि/ Ph.D. Degree in Bioinformatics or in any thrust research areas in Life Sciences at IASST. **अनिवार्य अनुभव/ Essential Experience**: पीएच.डी. के बाद दस वर्ष का अनुभव, जिसमें कम-से-कम पाँच वर्ष सहायक प्राध्यापक-II/वैज्ञानिक-सी स्तर (7वें केंद्रीय वेतन आयोग का वेतन स्तर-11) अथवा उससे उच्च स्तर पर होना चाहिए। पेटेंट और/अथवा समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों से उत्कृष्ट अनुसंधान अभिलेख प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी के प्रमुख मार्गदर्शन में कम-से-कम एक विद्यार्थी को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई हो/ Ten-year post-Ph.D. of which at least five years at the level of Assistant Professor-II/Scientist-C level (7th CPC Pay level 11) or higher with excellent research record as evidenced by patents and/or publications in peer-reviewed journals. Additionally, the candidate must have at least one student awarded Ph.D. under his/her principal guide-ship. **वांछनीय/ Desirable**:

		• प्रथम/ संबंधित लेखक के रूप में के रूप में कम-से-कम 10 समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में शोध-पत्र प्रकाशित हों, जिनमें से कम-से-कम 2 पिछले दो वर्षों में प्रकाशित हुए हों/ At least 10 refereed journal papers as first/corresponding author, out of which at least 2 should have been published in the last 2 years. • प्रधान अन्वेषक के रूप में कम-से-कम एक प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास अथवा परामर्श परियोजना, या सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में ऐसी दो परियोजनाएँ पूरी की हों/ Completed at least one sponsored R&D or consulting project as a PI or two sponsored R&D or consulting projects as a co-PI. • आधारभूत एवं उन्नत पाठ्यक्रम पढ़ाने का अनुभव; उद्योग में अनुसंधान अनुभव और/अथवा किसी प्रतिष्ठित संगठन में व्यावसायिक अनुभव/ Teaching basic and advanced courses, research experience in industrial and/or professional experience in a reputed organization. • स्नातकोत्तर/शोध विद्यार्थियों के परियोजना कार्य/शोध-प्रबंध का मार्गदर्शन करने अथवा उद्योग में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के पर्यवेक्षण का अनुभव/ Experience in guiding the project work/dissertation of PG /Research Students or supervising R&D projects in industry. • प्रतिष्ठित शोध-पत्रिकाओं/सम्मेलनों में प्रकाशित कार्य, दायर/प्राप्त पेटेंट, कॉपीराइट, पुस्तकें तथा उनके प्रभाव/ Published work in reputed journals/Conferences, patents filed/obtained, copyrights, books and their impact.
2	**सह-प्राध्यापक/ Associate Professor-II** (1 अनारक्षित/ UR) लेवल/ Level -13 (Rs. 118500 - Rs. 214100) अधिकतम आयु सीमा: 50 वर्ष Upper Age limit: 50 years	**अनिवार्य अर्हता/ Essential Qualification** जीवन विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें पूर्ववर्ती उपाधि में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष ग्रेड/अंक तथा संपूर्ण उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड / Master's degree in any areas of Life Sciences with first class or equivalent (in terms of Grades or marks) at the master degree and excellent academic record throughout. **तथा/ And** जीवन विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में पीएच.डी. उपाधि तथा पेटेंट और/अथवा समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों से प्रमाणित उत्कृष्ट अनुसंधान अभिलेख/ Ph.D. in any area of Life Sciences with excellent research record as evidenced by patents and/or publications in peer-reviewed journals. **अनिवार्य अनुभव/ Essential Experience**: पीएच.डी. के बाद दस वर्ष का अनुभव, जिसमें कम-से-कम पाँच वर्ष सहायक प्राध्यापक-II/वैज्ञानिक-सी स्तर (7वें केंद्रीय वेतन आयोग का वेतन स्तर-11) अथवा उससे उच्च स्तर पर होना चाहिए। पेटेंट और/अथवा समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों से उत्कृष्ट अनुसंधान अभिलेख प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी के प्रमुख मार्गदर्शन में कम-से-कम एक विद्यार्थी को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई हो/ Ten years post-Ph.D., of which

		at least five years at the level of Assistant Professor-II/Scientist-C level (7th CPC Pay level 11) or higher with excellent research record as evidenced by patents and/or publications in peer-reviewed journals. Additionally, the candidate must have at least one student awarded Ph.D. under their principal guide-ship. **वांछनीय/ Desirable** • प्रथम/ संबंधित लेखक के रूप में के रूप में कम-से-कम 10 समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में शोध-पत्र प्रकाशित हों, जिनमें से कम-से-कम 2 पिछले दो वर्षों में प्रकाशित हुए हों/ At least 10 refereed journal papers as first/corresponding author, out of which at least 2 should have been published in the last 2 years. • प्रधान अन्वेषक के रूप में कम-से-कम एक प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास अथवा परामर्श परियोजना, या सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में ऐसी दो परियोजनाएँ पूरी की हों/ Completed at least one sponsored R&D or consulting project as a PI or two sponsored R&D or consulting projects as a co-PI. • आधारभूत एवं उन्नत पाठ्यक्रम पढ़ाने का अनुभव; उद्योग में अनुसंधान अनुभव और/अथवा किसी प्रतिष्ठित संगठन में व्यावसायिक अनुभव/ Teaching basic and advanced courses, research experience in industrial and/or professional experience in a reputed organization. • स्नातकोत्तर/शोध विद्यार्थियों के परियोजना कार्य/शोध-प्रबंध का मार्गदर्शन करने अथवा उद्योग में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के पर्यवेक्षण का अनुभव/ Experience in guiding the project work/dissertation of PG /Research Students or supervising R&D projects in industry. • प्रतिष्ठित शोध-पत्रिकाओं/सम्मेलनों में प्रकाशित कार्य, दायर/प्राप्त पेटेंट, कॉपीराइट, पुस्तकें तथा उनके प्रभाव/ Published work in reputed journals/Conferences, patents filed/obtained, copyrights, books and their impact. • पीएच.डी. के बाद ओमिक्स/पादप-औषधि विज्ञान अथवा जीवन विज्ञान के किसी प्रमुख क्षेत्र में कार्य का अनुभव। नेतृत्व क्षमता तथा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं, पीएच.डी. विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, टीमवर्क और व्यावसायिक संस्थाओं की गतिविधियों में भागीदारी का प्रमाणित अभिलेख/ Post- Ph.D. experience working in OMICS/Phytopharmaceuticals or any thrust areas in Life Sciences. Evidence of leadership and proven record of having sponsored research projects, guiding PhD students, teamwork, and participation in professional society's activities.
3	**सह-प्राध्यापक/ Associate Professor-II** (1 EWS) Level -13 (Rs. 118500 - Rs. 214100)	**अनिवार्य अर्हता/ Essential Qualification** जीवन विज्ञान के किसी भी क्षेत्र अथवा फार्मेसी/औषध विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें पूर्ववर्ती उपाधि में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष ग्रेड/अंक तथा संपूर्ण उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड/ Master's degree in any areas of Life Sciences or Pharmacy/ Pharmacology with first class or equivalent (in terms of Grades or marks) at the master degree and excellent academic record throughout.

	अधिकतम आयु सीमा: 50 वर्ष Upper Age limit: 50 years	**तथा/ And** जीवन विज्ञान/ फार्मेसी/ औषध विज्ञान/ औषधि निर्माण विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में पीएच.डी. उपाधि/ Ph.D. in any area of Life Sciences/Pharmacy/Pharmacology/ Pharmaceuticals. **अनिवार्य अनुभव/ Essential Experience**: पीएच.डी. के बाद दस वर्ष का अनुभव, जिसमें कम-से-कम पाँच वर्ष सहायक प्राध्यापक-II/वैज्ञानिक-सी स्तर (7वें केंद्रीय वेतन आयोग का वेतन स्तर-11) अथवा उससे उच्च स्तर पर होना चाहिए। पेटेंट और/अथवा समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों से उत्कृष्ट अनुसंधान अभिलेख प्रमाणित होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी के प्रमुख मार्गदर्शन में कम-से-कम एक विद्यार्थी को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई हो/ Ten years post-Ph.D., of which at least five years at the level of Assistant Professor-II/Scientist-C level (7th CPC Pay level 11) or higher with excellent research record as evidenced by patents and/or publications in peer-reviewed journals. Additionally, the candidate must have at least one student awarded Ph.D. under their principal guide-ship. **वांछनीय/ Desirable:** • प्रथम/ संबंधित लेखक के रूप में के रूप में कम-से-कम 10 समीक्षित शोध-पत्रिकाओं में शोध-पत्र प्रकाशित हों, जिनमें से कम-से-कम 2 पिछले दो वर्षों में प्रकाशित हुए हों/ At least 10 refereed journal papers as first/corresponding author, out of which at least 2 should have been published in the last 2 years. • प्रधान अन्वेषक के रूप में कम-से-कम एक प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास अथवा परामर्श परियोजना, या सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में ऐसी दो परियोजनाएँ पूरी की हों/ Completed at least one sponsored R&D or consulting project as a PI or two sponsored R&D or consulting projects as a co-PI. • आधारभूत एवं उन्नत पाठ्यक्रम पढ़ाने का अनुभव; उद्योग में अनुसंधान अनुभव और/अथवा किसी प्रतिष्ठित संगठन में व्यावसायिक अनुभव/ Teaching basic and advanced courses, research experience in industrial and/or professional experience in a reputed organization. • स्नातकोत्तर/शोध विद्यार्थियों के परियोजना कार्य/शोध-प्रबंध का मार्गदर्शन करने अथवा उद्योग में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के पर्यवेक्षण का अनुभव/ Experience in guiding the project work/dissertation of PG /Research Students or supervising R&D projects in industry. • प्रतिष्ठित शोध-पत्रिकाओं/सम्मेलनों में प्रकाशित कार्य, दाखिल/प्राप्त पेटेंट, कॉपीराइट, पुस्तकें तथा उनका प्रभाव और डेटा विज्ञान से उनकी प्रासंगिकता/ Published work in reputed journals/Conferences, patents filed/obtained, copyrights, books and their impact and relevance to Data Science

		• पीएच.डी. के बाद रेशम उत्पादन/फार्मेसी/औषध विज्ञान/औषधि निर्माण विज्ञान/जीवन विज्ञान में कार्य का अनुभव। नेतृत्व क्षमता तथा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं, पीएच.डी. विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, टीमवर्क और व्यावसायिक संस्थाओं की गतिविधियों में भागीदारी का प्रमाणित अभिलेख/ Post-Ph.D. experience working in Sericulture/ Pharmacy/Pharmacology/ Pharmaceuticals/ Life Sciences. Evidence of leadership and proven record of having sponsored research projects, guiding PhD students, teamwork, and participation in professional society's activities.

नियमानुसार वेतन संरक्षण देय होगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को देय भत्ते लागू होंगे/ Pay protection is admissible as per rule. Allowances as admissible to Central Government Employees.

सामान्य जानकारी/ General Information:

1. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्राकाशन की तारीख से 30 दिन होगी/ The last date for the online application is 30 days from the date of the advertisement.
2. निर्धारित आयु की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को संबंधित विषय पर भारत सरकार के नियमों/आदेशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी/ The age as prescribed shall be the 'closing date for receiving application'. Age relaxation for candidates belonging to SC/ST/OBC/EWS/other categories as per Government of India rules/orders on the subject.
3. पीएच.डी. उपाधि प्रमाण-पत्र (अनंतिम) प्रदान किए जाने की तारीख से परवर्ती-डॉक्टरेट अनुभव की गणना की जाएगी/ The postdoctoral experience will be counted from the date of awarding PhD degree certificate (provisional).
4. अनुशंसा-पत्र: उपर्युक्त सभी पदों के लिए आवेदन के साथ तीन अनुशंसा-पत्र होने चाहिए। इनमें से एक अधिमानतः पीएच.डी. पर्यवेक्षक का होना चाहिए। ये अनुशंसा-पत्र गोपनीय रूप से संस्थान के निदेशक को (dir.iasst@nic.in) भेजे जाने चाहिए/ Letters of Recommendations: Applications for all the above posts must be supported by three letters of recommendation, one preferably from the Ph.D. supervisor, to be submitted confidentially to the Director of the Institute (dir.iasst@nic.in).
5. पीएच.डी. पूरी करने के बाद संबंधित क्षेत्रों में अभ्यर्थी द्वारा प्रकाशित अनुसंधान कार्यों पर अधिकतम 1000 शब्दों का सार-संक्षेप प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उम्मीदवार को पूर्ण परियोजनाओं, प्रकाशित पत्रों, प्राप्त आईपीआर/पेटेंट, उत्पन्न/व्यावसायीकृत प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा विकास, कार्यक्रम/परियोजना निर्माण और धन जुटाने, अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों में भागीदारी और संपर्क आदि के संदर्भ में उक्त अवधि में इन कार्यों से किए गए

महत्वपूर्ण कार्यों, आउटपुट और उपलब्धियों को उजागर करना चाहिए/ A summary note (maximum 1000 words) on the research work published by the candidate in the relevant fields after completing the Ph.D. The candidate should highlight the significant works done, output, and achievements from these works for the said period in terms of completed projects, papers published, IPR/Patents obtained, technology generated/commercialized, the contribution made towards infrastructure development, programme/project framing, and fund mobilization, participation in research and teaching activities and linkages, etc.

6. जिस पद पर अभ्यर्थी कार्य करना चाहते हैं, उस पद पर रहते हुए प्रस्तावित अनुसंधान क्षेत्र के संबंध में अधिकतम 2000 शब्दों का अनुसंधान कार्यक्रम एवं कार्ययोजना प्रस्तुत की जानी चाहिए। इसमें प्रस्तावित नए, नवाचारी एवं मौलिक अनुसंधान परियोजनाओं/विचारों/प्रमुख कार्यक्षेत्रों, विकसित की जाने वाली सुविधाओं, आईएएसएसटी की अन्य अनुसंधान इकाइयों एवं विभागों के साथ प्रस्तावित संपर्क एवं सहयोग तथा इन प्रयासों से अपेक्षित परिणामों का उल्लेख किया जा सकता है। योजना तैयार करते समय संस्थान की पूर्व एवं वर्तमान उपलब्धियों, विकास तथा परिणामों की समीक्षा की जा सकती है और महत्वपूर्ण कमियों की पहचान की जा सकती है। योजना तैयार करने के लिए संस्थान की वेबसाइट (www.iasst.gov.in), वार्षिक प्रतिवेदन आदि देखे जा सकते हैं/ A research programme and work plan on the area (maximum 2000 words) the candidate would like to pursue being in the position. The information may include new, innovative and original research projects/ideas/thrust areas of work he/she proposes to introduce/conduct, facilities proposed to be developed, linkages and collaboration proposed with other research units and departments of IASST, as well as the expected outcome from these approaches. While formulating the plan, the Institute's past and present achievements, development, and outcome may be reviewed, and critical gaps may be identified. The Institute's website (www.iasst.gov.in), annual reports, etc., may be consulted for developing the plan.

7. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण (प्रमाण-पत्र, प्रशंसापत्र, पुरस्कार/सम्मान/अनुसंधान उपलब्धियाँ तथा प्रकाशनों का उद्धरण सूचकांक) प्रस्तुत करें। ऐसे शोध-पत्रों की प्रतियाँ संलग्न न करें जिन्हें प्रस्तुत तो किया गया है, लेकिन अभी तक स्वीकार या प्रकाशित नहीं किया गया है/ Candidates are urged to provide details of their academic accomplishments (certificates, testimonials, awards/honours/research achievements, citation index of publications). Candidates are advised not to enclose copies of papers that have been submitted but have not been accepted or published.

8. वे विदेशी नागरिक जो भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) अथवा भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) हैं, चयनित होने की स्थिति में संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उनके लिए भारत सरकार से अनुमति प्राप्त की जाएगी/ Foreign nationals who are "Persons of Indian Origin" (PIO) or overseas citizens of India (OCI), in whose case, if selected, permission will be sought from the government of India before they can join the Institute.

9. संस्थान संकाय सदस्यों को उद्योग, अन्य अनुसंधान संस्थानों तथा व्यावसायिक संस्थाओं के साथ संवाद एवं सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करता है। आईएएसएसटी में परामर्श कार्य को प्रोत्साहन दिया जाता है तथा इसके लिए उदार नीतियाँ लागू हैं/ The Institute encourages faculty interaction with industry, other research, and professional institutions. Consultancy is encouraged at IASST, and liberal consultancy policies are in practice.
10. सभी विभागों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध हैं। आधुनिक उपकरणों एवं सेवाओं के माध्यम से इनका निरंतर आधुनिकीकरण किया जा रहा है। कंप्यूटिंग की भी अच्छी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। संस्थान में समृद्ध पुस्तकालय भी है/ Facilities for research and development activities exist in all the Departments. These are being continuously modernized with modern equipment and services. Good facilities also exist for computing. The Institute has a well-stocked library.
11. संस्थान में स्थित बायोनेस्ट-आईएएसएसटी और आईएसवीईसी नामक प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर संकाय सदस्यों के बीच प्रौद्योगिकी-आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हैं/ A technology business incubators hosted by the Institute, called the BioNest-IASST and ISVEC, promote technology-based entrepreneurship by faculty.
12. सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों अथवा शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा तथा आवेदन के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। हालाँकि, अग्रिम आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है लेकिन आवेदन जमा करने के 15 दिनों के भीतर अनापत्ति प्रमाण-पत्र जमा किया जाना चाहिए, इसके बिना आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा/ Persons employed in Government/Semi-Government organizations or Educational Institutions must apply through proper channels and provide a No Objection Certificate while applying. However, advance application may be submitted but NOC must be submitted within 15 days of submission of application, without which the application will not be considered.
13. संस्थान के पास विज्ञापित किसी एक या सभी पदों को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित है। संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए विज्ञापन रद्द करने के अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित अनिवार्य अर्हताएँ न्यूनतम हैं और केवल इन अर्हताओं का होना अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देता। यदि विज्ञापन के प्रत्युत्तर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो संस्थान अपने विवेकानुसार विधिवत गठित समिति द्वारा प्रारंभिक छँटनी के बाद विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अर्हताओं से उच्चतर योग्यता/अनुभव के आधार पर साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या उचित सीमा तक सीमित कर सकता है/ The Institute reserves the right to fill or not to fill any or all the posts advertised. The institute may cancel the advertisement without assigning any reason. The prescribed essential qualifications are the minimum, and mere possession of the same does not entitle candidates to be called for an interview. Where the number of applications received in response to the advertisement is large, the Institute, at its discretion, may restrict the number of candidates to be

called for the interview to a reasonable limit based on qualifications/experience higher than the minimum prescribed in the advertisement after a screening process through a duly constituted committee.

14. व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चयनित तथा चयनित न किए गए अभ्यर्थियों की सूची संस्थान की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी। साक्षात्कार के आयोजन एवं परिणाम तथा साक्षात्कार के लिए न बुलाए जाने के कारणों के संबंध में अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा/ A list of candidates short-listed and not short-listed for personal interviews shall be notified on the Institute website. No correspondence will be entertained from candidates regarding the conduct and result of the interview and reasons for not being called for an interview.
15. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (टीए/डीए) देय नहीं होगा/ No TA/DA will be provided to appear in the interview.
16. किसी भी प्रकार की अनुचित सिफारिश/प्रचार अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर देगा/ Canvassing in any form will disqualify the candidates.
17. ऑनलाइन आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व, मुद्रण संबंधी किसी त्रुटि की स्थिति में संस्थान के पास विज्ञापन/वेबसाइट में संशोधन करने अथवा कोई सुधार/परिवर्धन करने का अधिकार सुरक्षित है/ The Institute reserves the right to alter/insert any corrections/additions in the advertisement/website in case of any typological error before the last date prescribed for online application.

कुलसचिव, आईएएसएसटी/ Registrar, IASST

Apply Now